भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 3713**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए
मुक्त व्यापार समझौते

3713. श्रीमती माला रायः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के व्यापारिक साझेदारों के साथ वर्तमान में लागू मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और व्यापक आर्थिक भागीदारी/सहयोग समझौतों की संख्या कितनी है;

(ख) इन समझौतों के अंतर्गत आने वाले देशों की संख्या कितनी है; और

(ग) उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत द्वारा एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग) भारत ने अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ 17 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनमें व्यापक आर्थिक साझेदारी/सहयोग समझौता शामिल हैं। इनमें से 16 एफटीए अभी लागू हैं; और दिनांक 27 अप्रैल, 2026 को न्यूजीलैंड के साथ हस्ताक्षरित एफटीए कार्यान्वयन के लिए अनुसमर्थन प्रक्रिया में है। इसके अलावा, इन 17 एफटीए में से 7 समझौतों पर पिछले पांच वर्षों में व्यापारिक साझेदारों, अर्थात् मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूनाइटेड किंगडम (यूके), ओमान और न्यूजीलैंड के साथ हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही, यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता दिनांक 27 जनवरी, 2026 को पूरी हो गई है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने दिनांक 7 फरवरी, 2026 को घोषणा की है कि संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) और भारत आपसी और परस्पर रूप से लाभकारी व्यापार के लिए एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं। इस पर वार्ता चल रही है। भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की एक सूची, जिसमें एफटीए साझेदार देशों के नाम शामिल हैं, अनुलग्नक में दी गई है।

*****

दिनांक 11.08.2026 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3713 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)

हाल के (एफटीए)

क्रम सं.	समझौते का नाम	समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि	समझौता कार्यान्वित होने की तिथि
1	भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता (सीईसीपीए)	22 फरवरी, 2021	1 अप्रैल, 2021
2	भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए)	18 फरवरी, 2022	1 मई, 2022
3	भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए)	2 अप्रैल, 2022	29 दिसंबर, 2022
4	भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड)	10 मार्च, 2024	01 अक्टूबर, 2025
5	भारत-यूके व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए)	24 जुलाई, 2025	15 जुलाई, 2026
6	भारत - ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए)	18 दिसंबर, 2025	01 जून, 2026
7	भारत-न्यूजीलैंड एफटीए	27 अप्रैल, 2026	अनुसमर्थन प्रक्रिया के अधीन

अन्य एफटीए

क्र. सं.	समझौते का नाम	समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि	समझौते के कार्यान्वयन की तिथि
1	भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता	28 दिसम्बर, 1998	1 मार्च, 2000
2	साफ्टा पर समझौता (भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव तथा अफगानिस्तान)	4 जनवरी, 2004	1 जनवरी, 2006 (शुल्क रियायतें 1 जुलाई, 2006 से कार्यान्वित)
3	भारत-नेपाल व्यापार संधि	27 अक्टूबर, 2009	यह संधि प्रत्येक बार सात वर्ष की आगामी अवधि के लिए स्वतः विस्तारित होती रहेगी, जब तक कि कोई भी पक्ष संधि को समाप्त करने के अपने आशय की तीन माह पूर्व लिखित सूचना दूसरे पक्ष को न दे।
4	भारत-भूटान व्यापार, वाणिज्य एवं पारगमन समझौता	17 जनवरी, 1972	आपसी सहमति से संशोधनों सहित समय-समय पर नवीकृत। 29 जुलाई, 2006 का समझौता 10 वर्ष के लिए वैध था। आपसी सहमति से इसकी वैधता एक वर्ष की अवधि अथवा प्रस्तावित नए समझौते के प्रवृत्त होने तक बढ़ाई गई। नवीकृत समझौते पर 12.11.2016 को हस्ताक्षर किए गए तथा यह 29 जुलाई, 2017 से 10 वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त हुआ।
5	भारत-थाईलैंड मुक्त व्यापार समझौता - अर्ली हारवेस्ट स्कीम -(ईएचएस)	9 अक्टूबर, 2003	1 सितम्बर, 2004
6	भारत-सिंगापुर सीईसीए	29 जून, 2005	1 अगस्त, 2005
7	भारत-आसियान - सीईसीए – पण्यवस्तु, सेवाओं एवं निवेश संबंधी समझौता (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड तथा वियतनाम)	वस्तुएँ हेतु 13 अगस्त, 2009 तथा सेवाओं एवं निवेश हेतु नवम्बर, 2014	**वस्तुएँ** • भारत एवं मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड के संबंध में 1 जनवरी, 2010 • भारत एवं वियतनाम के संबंध में 1 जून, 2010 • भारत एवं म्यांमार के संबंध में 1 सितम्बर, 2010 • भारत एवं इंडोनेशिया के संबंध में 1 अक्टूबर, 2010 • भारत एवं ब्रुनेई के संबंध में 1 नवम्बर, 2010 • भारत एवं लाओस के संबंध में 24 जनवरी,

			2011 • भारत एवं फिलीपींस के संबंध में 1 जून, 2011 • भारत एवं कंबोडिया के संबंध में 1 अगस्त, 2011 **सेवाएं एवं निवेश –** 1 जुलाई, 2015
8	भारत-दक्षिण कोरिया सीईपीए	7 अगस्त, 2009	1 जनवरी, 2010
9	भारत-जापान सीईपीए	16 फरवरी, 2011	1 अगस्त, 2011
10	भारत-मलेशिया सीईसीए	18 फरवरी, 2011	1 जुलाई, 2011

*****